

## खजराना मंदिर में 10 दिवसीय गणेशोत्सव आज से

**इंदौर. खजराना गणेश मंदिर में आज से 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है. इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है. भगवान गणेश के दरबार को फूलों और विद्युत सज्जा से विशेष रूप से अलंकृत किया गया है, जिससे मंदिर का वातावरण अद्भुत और दिव्य आभा से भर उठा है.**

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु आने की संभावना है. मंदिर प्रबंधन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतज़ाम किए हैं. गणेश महोत्सव के इन दस दिनों में खजराना गणेश के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठेगा. श्रद्धालुओं में अपार उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है.

# रुद्रसागर के पवित्र जल पर नजर आएगी महाकाल की गाथा

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज करेंगे लोकार्पण
- महाकाल मंदिर इस लाइट एंड साउंड शो का करेगा संचालन
- विश्व भर से आए श्रद्धालु इस भव्यतम नजारे का उठाएंगे लुफ्त





नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल मंदिर के पीछे रुद्र सागर पर जो फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है, जिसका लोकार्पण भी सीएम डॉ मोहन यादव ने किया था, उसी सागर के पवित्र जल पर अब महाकाल की गाथा भी दिखाई देगी और इस लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे.**

नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यह लाइट एंड साउंड शो अपने आप में एक अनूठा शो रहेगा, आधे घंटे तक श्रद्धालु इसका नजारा देख सकेंगे और यह पहले वाले लाइट एंड साउंड शो से बिल्कुल भिन्न है जिसका संचालन कमल तालाब के समीप किया जा रहा है. रुद्र सागर के जल पर धार्मिक आध्यात्मिक सांस्कृतिक आकृतियां तैरते हुए दिखाई देगी, जो देखने वाले को मंत्र मुग्ध कर देगी.

### महाकाल क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद

महाकाल लोक की भव्य सुंदरता के बाद अब महाकाल लोक से लगे रुद्र सागर में पानी की सतह पर भव्य 3 डी इफेक्ट और लाइट एंड साउंड शो का लेआउट तैयार कर लिया गया है. महाकाल मंदिर प्रशासक ने बताया कि रुद्र सागर पर स्वयं सीएम आज आएंगे और इस अद्भुत प्रकल्प का शुभारंभ करेंगे.

### स्वच्छ जल के लिए सिस्टम लगाए

महाकाल मंदिर के आसपास सीवरेज सिस्टम सुधार कर रुद्र सागर में आसपास के घरों से आने वाला गंदा पानी मिलने से रोक दिया गया है. रुद्र सागर का पानी हमेशा स्वच्छ रहे, इसके लिए अत्याधुनिक सिस्टम लगाकर इसमें नर्मदा, शिप्रा, गंभीर नदी का पानी भरा गया है. रुद्र सागर में मिलने वाले नालों एवं बारिश के पानी के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालकर पानी को दूसरे स्थान पर ट्रांसफर किया गया है. रुद्र सागर का वाटर लेवल स्थिर रहे इसकी भी पूरी तैयारी कर ली गई है. आज लाइट एंड साउंड शो के लोकार्पण पश्चात अब यह पूरा क्षेत्र और निखार कर सामने आएगा.

**32 करोड से यह प्रकल्प हुआ तैयार**

उज्जैन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और गौरवशाली इतिहास को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए मध्यप्रदेश की सरकार श्री महाकाल महालोक में लगातार नए आकर्षण जोड़ रही है. भव्य शैल चित्र और मूर्तियों की स्थापना के बाद अब यहाँ प्राचीन रुद्र सागर में फव्वारे से पानी की स्क्रीन तैयार कर उस पर भगवान शिव व उज्जैन की महिमा 3 डी इफेक्ट के साथ लाइट एंड साउंड शो दिखाने-सुनाने की तैयारी की जा रही है. इस कार्य को करने के लिए 32 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए.

### महाकाल महिमा और उज्जैन की गाथा

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के नव विस्तारित क्षेत्र श्री महाकाल महालोक में बने रुद्रसागर ब्रिज पर 3डी इफैक्ट के साथ भव्य लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ मुख्यमंत्री के कर कमलों से होगा, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है इस पर भगवान शिव की महिमा और उज्जयिनी की गौरव गाथा सजीव हो उठेगी.

# आत्मनिर्भरता और एकीकृत लॉजिस्टिक्स युद्धों में जीत की कुंजी होंगी : सीडीएस

नव भारत न्यूज



**इंदौर. भविष्य के युद्धक्षेत्र सीमाओं को नहीं पहचानेंगे. भविष्य के युद्धों में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक संयुक्त प्रतिक्रिया का आह्वान किया है. रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और एकीकृत लॉजिस्टिक्स को आगामी युद्धों में विजयी होने की कुंजी बताया है.**

यह बात प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रण संवाद में कही. जनरल अनिल चौहान आज मध्य प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहले त्रि-सेवा सेमिनार, 'रण संवाद' में मुख्य वक्ता के तौर पर बोल रहे थे. सीडीएस चौहान ने दोहराया कि 'संयुक्तता' भारत के परिवर्तन का आधार है. उन्होंने संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया. एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए उन्होंने सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर बल दिया जो ढाल और तलवार दोनों का काम करेगा. उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है. जनरल चौहान ने कौटिल्य का हवाला देते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है. हालांकि, भारतीय युद्धों के विद्वत्तापूर्ण विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा के लिए साहित्य बहुत कम उपलब्ध है. दो दिवसीय संगोष्ठी में सेवारत सैन्य पेशेवरों को रणनीतिक संवाद के अग्रभाग में लाया जाएगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे.



गृह मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को इंदौर आए. इंदौर आगमन पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायकों सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया.

### गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है. भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित बनना होगा. यह तभी संभव है जब सभी लोग भविष्य की तैयार सेनाओं के निर्माण में सामूहिक रूप से भाग लें. सीडीएस ने बताया कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं के लिए एक मंच तैयार करना है. विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं। उनके विचारों को सुनने की आवश्यकता है. एक ऐसा वातावरण तैयार लगना होगा, जिसमें सैन्य-कर्मियों द्वारा प्रदान किए गए अनुभव नए सामंजस्य और सद्भाव के साथ अस्तित्व में रह सके.

## मना करने पर ससुराल लौट से नाराज हुआ पति, पत्नी को गर्म चाकू से दागा



**खरगोन. जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अवरकच्छ की एक नवविवाहिता के साथ पति की क्रूरता मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है.**

एसपी धर्मराज मीना ने बताया कि अवरकच्छ निवासी नवविवाहिता खुशबू की शादी 2 फरवरी 2025 को बड़वानी जिले के अंजड निवासी दिलीप नाम के युवक से हुई थी. महिला ने जैतापुर थाने पर शिकायत दर्ज कराई है कि रक्षाबंधन पर वह मायके आई थी. पति ने पारिवारिक विवाद होने पर उसे ससुराल वापस लौटने से इंकार किया था, लेकिन ससुर के दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर वह ससुराल चली गई थी, जिससे नाराज होकर पति ने रविवार रात को पति दिलिप पिपलीया ने गैस पर चाकू गर्म कर पूरे शरीर में दागा. पति का कहना था, कि वह उसे पसंद नहीं करता है. महिला ने शादी के बाद से ही मारपीट और दहेज की मांग का आरोप भी लगाया है. पति की पिटाई में घायल होने की सूचना मिलने पर खुशबू के परिजन उसे मायके लेकर आये हैं. जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है. चूंकि महिला के साथ बड़वानी जिले में घटना हुई है, इसलिए बड़वानी पुलिस को भी मामले की जानकारी दी है.

# जीतू के बयान पर भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस को घेरा

## सीएम डॉ. यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने भी दी तीखी प्रतिक्रिया

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 अगस्त. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की महिलाओं को सबसे अधिक शराब का सेवन करने वाली महिलाएं करार देने के मामले में भाजपा की आधा दर्जन से अधिक महिला नेत्रियों ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है.**

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पटवारी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. सीएम ने जहां तीज पर्व पर इसे बहनों के अपमान के साथ ही संस्कृति पर सीधा प्रहार करार दिया है, वहीं खंडेलवाल ने कहा कि बहनों का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति का हिस्सा है.



जीतू पटवारी के बयान को लेकर प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल कमोबेश सभी महिला मंत्रियों ने कांग्रेस और पटवारी को कटघरे में खड़ा कर इसे महिलाओं का घोर अपमान करार देते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है. इनमें पीएचई मंत्री संपतिया उइके, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर भी शामिल हैं. वहीं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने भी पटवारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उनसे माफी की मांग की है. इसके अलावा प्रदेश महामंत्री सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस, भाजपा विधायक रीति पाठक ने भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है.

### महिलाओं के लिये अपमानजनक शब्दों का उपयोग कांग्रेस की संस्कृति : खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लाडली बहनों को सम्मान पूर्वक आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, इसलिए कांग्रेस चिढ़ी है और उसके नेता बौखलाए हुए हैं. जीतू पटवारी का बहनों को लेकर दिया गया बयान बहुत ही निंदनीय है. भाजपा और प्रदेश सरकार जिन बहनों का सम्मान करती है उनके बारे में अपमानजनक शब्दों का उपयोग करना कांग्रेस की संस्कृति बन गयी है. आज बहनों का हरतालिका तीज का पर्व है, उनका अपने परिवार के लिए किए जाने वाले त्याग के लिए जितना सम्मान किया जाए कम है. आज महिलाएं निर्जला उपवास रखकर पूजा-पाठ और भगवान की आराधना में लीन हैं.

### भाजपा ने पटवारी के बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया : नायक

भोपाल. प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने मंगलवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान को जानबूझकर तोड़-मरोड़कर पेश किया है, ताकि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाया जा सके. इस संवाददाता से बातचीत में डॉ. नायक ने कहा कि पटवारी ने हाल ही में मीडिया से चर्चा के दौरान ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया था.


SOUTH INDIAN Bank

शाखा पता: UG2, 3, 4, रॉयल व्यू FF27, 28, मंगल मैरीलैंड गार्डन स्कीम के सामने संख्या: 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010 शाखा, ईमेल आईडी: br0442@sib.co.in

**बैंक में बंधक के लिए सोने की नीलामी**

चूँकि, साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उधारकर्ता को उसके द्वारा लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए बिक्री नोटिस जारी किया है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा सोने के आभूषणों की ऑनलाइन नीलामी **"जैसा है वैसा"** और **"जो भी है"** और **"बिना किसी सहारे के"** आधार पर की जाएगी। यह नीलामी **ऋणी श्री मनोज शर्मा खाता संख्या 0442653000002519** के लिए 30.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक शाखा में ऑफलाइन आयोजित की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा-07312551080 पर संपर्क करें।

**एसडी/- प्रबंधक**

**द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड।**



**पश्चिम रेलवे चलाएगा त्यौहार विशेष ट्रेन डॉ. अंबेडकर नगर ⇌ रीवा के बीच**

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 01703 | डॉ. अंबेडकर नगर – रीवा | 28/09/2025 से 26/10/2025 | 21:20 बजे (रविवार) | 13:30 बजे (अगले दिन) |
| 01704 | रीवा – डॉ. अंबेडकर नगर | 27/09/2025 से 25/10/2025 | 22:20 बजे (शनिवार) | 15:05 बजे (अगले दिन) |

**हाल्ट:** इंदौर, देवास, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, भोपाल, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

ठहराव और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 01703 की बुकिंग 28/08/2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे

wr.indianrailways.gov.in

हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

instagram.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें


## उज्जैन में आज से द्वितीय ग्लोबल कॉन्क्लेव

**उज्जैन, 27 अगस्त.** महाकाल की नगरी उज्जैन में आज से दूसरी ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव शुरू हो रही है. होटल अंजुश्री में आयोजित इस एकदिवसीय आयोजन में देशभर के ख्यात मंदिरों के प्रमुख, बड़ी होटल चेन, एयरलाइंस कंपनियों और टेक समूहों के प्रतिनिधि शामिल होंगे.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 10:30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे. केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत विशेष अतिथि होंगे. सम्मेलन में काशी विश्वनाथ, महाकाल और अयोध्या जैसे मंदिरों में बढ़ती भीड़ के प्रबंधन, आध्यात्मिक पर्यटन में निवेश और तकनीक के उपयोग पर चर्चा होगी.

**सिंहस्थ 2028 पर फोकस**

कॉन्क्लेव में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों को लेकर विशेष सत्र रखा गया है. रेडीसन होटल समूह, इंडिगो, अकासा एयरलाइंस और अन्य ट्रेवल कंपनियां निवेश और साझेदारी के प्रस्ताव रखेंगी.

**पेज एक का शेष**

### हनी ट्रैप में फंसे शराब कारोबारी...

**परिवार और दोस्तों को परेशान ना करें :** सुसाइड नोट के आखिर में भूपेन्द्र ने लिखा है कि उनकी मौत के बाद परिवार और दोस्तों को किसी तरह की परेशानी न दी जाए. उन्होंने साफ लिखा ,जो कुछ भी हुआ मेरी और इति की वजह से हुआ है. मेरे जाने के बाद मेरे अपने लोगों को परेशान न किया जाए. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड नोट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की जांच की जा रही है.

**बेटी के लौटने का इंतज़ार, तब होगा पिता का अंतिम संस्कार:** परिजनों ने पुलिस को बताया कि कारोबारी अपने पीछे पत्नी, बेटा-बेटी और बुजुर्ग माता-पिता का सहारा छोड़ गए हैं. बेटी अमेरिका में एक आईटी कंपनी में काम करती है. घटना की खबर मिलते ही उसे तत्काल इंदौर बुलाया है. बताया जा रहा है कि बेटी के लौटने के बाद ही गुरुवार को अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की जाएंगी.


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

(CIN-L65110TN2014PLC097792)

रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)]**

**(अचल संपत्ति के लिए)**

**कब्जा सूचना**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 14.05.2025 को एक मांग सूचना जारी की, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकताओं और गारंटरों 1. मेसर्स कृष्णा एग्रो एजेंसीज, 2. सोनाली पाटीदार, 3. सोनाली पाटीदार (स्वर्गीय अनिल पाटीदार के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में) को सूचना में उल्लिखित राशि रु. 41,98,847.00/- (रुपये इकतालिस लाख अट्ठानवे हजार आठ सौ सैंतालीस मात्र) दिनांक 14.05.2025 को उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर।

उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा आज 21 अगस्त 2025 को ले लिया है। उधारकताओं को विशेष रूप से और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) द्वारा 41,98,847.00/- रुपये (इकतालीस लाख अट्ठानवे हजार आठ सौ सैंतालीस रुपये मात्र) की राशि और उस पर ब्याज के भार के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन हेतु उपलब्ध समय के संबंध में हैं।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

**नजूल ब्लॉक संख्या 67, प्लॉट संख्या 03, कॉलोनी के लेआउट के अनुसार प्लॉट संख्या 22 का भाग, क्षेत्रफल 740 वर्ग फुट, सूरजकुंड वार्ड संख्या 10 में स्थित, संपत्ति का वह समस्त टुकड़ा और पार्सल। 03, नगर पालिका निगम खंडवा क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में, महर्षि गौतम नगर खंडवा, तहसील और जिला: खंडवा, मध्य प्रदेश-45001, और सीमा: पूर्व: कॉलोनी रोड, पश्चिम: कॉलोनी प्लॉट संख्या 30 और 31, उत्तर: तिवारी का मकान, दक्षिण: प्लॉट संख्या 23**

दिनांक: 21.08.2025

स्थान: मध्यप्रदेश

ऋण खाता संख्या: 10130678835

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)


**कैबिनेट फैसला** प्रदेश में अब पुलिसकर्मी मौके पर ही विवेचना सहित बाकी कार्यवाही कर सकेंगे

# मंत्री परिषद ने टैबलेट खरीदी के प्रस्ताव को दी मंजूरी

- 25 हजार टैबलेट खरीदेगी सरकार
- मौके पर ही कार्यवाही कर सकेगी पुलिस

**177 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि खर्च होगी**

**610 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 अगस्त. प्रदेश में अब पुलिसकर्मी मौके पर ही विवेचना सहित बाकी कार्यवाही कर सकेंगे. इसके लिये उन्हें टैबलेट दिया जाएगा.**

ऐसे में उन्हें किसी भी मामले में कार्यवाही करने के लिये कागजी खानापूर्ति करने की जरुरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वे टैबलेट पर ही सभी कार्यवाही करेंगे. इसके लिये राज्य सरकार प्रदेश में 25 हजार टैबलेट खरीदेगी.

मंगलवार को कैबिनेट ने इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के तहत सबसे पहले सभी विवेचना अधिकारियों को ये टैबलेट मिलेंगे. ये सभी टैबलेट क्राईम एण्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट के तहत खरीदे जाएंगे. इस योजना पर 177 करोड़ 87 लाख रुपये से अधिक राशि खर्च होगी. टैबलेट की खरीदी पर ही 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मौके पर ही कार्यवाही के लिये ई-विवेचना ऐप बनाया गया है. पहले चरण में 1732 टैबलेट खरीदे गये हैं.

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन, आपराधिक न्याय प्रशासन के सुचारू संचालन एवं प्रदेश के सभी दण्ड न्यायालयों के समक्ष प्रति न्यायालय एक अभियोजक के सिद्धांत अनुसार अभियोजकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लोक अभियोजन संचालनालय के तहत 610 नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान की गई. स्वीकृति अनुसार अभियोजन संचालनालय के पदों के सृजन में अतिरिक्त लोक अभियोजक के 185 पद, अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी के 255 पद, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के 100 पद और सहायक कर्मचारी के 70 पद का सृजन किया गया है.

### नये प्रोजेक्ट से बिजली खरीदेगी सरकार

कैबिनेट ने प्रस्तावित नवीन ताप विद्युत परियोजनाओं से प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर बिजली खरीदी के लिए जारी निविदा तहत चयनित तीन विकासकों से क्रमश: 800 मेगावाट, 1600 मेगावाट एवं 800 मेगावाट बिजली खरीदी की मंजूरी दी है. एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा चयनित विकासकों से अतिरिक्त 800 मेगावाट बिजली की खरीदी ग्रीनशू प्रावधान का उपयोग कर, निविदा की शर्तों एवं म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा तय स्वीकृति के अनुसार किया जायेगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60